PVG's

Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

Unit Test - I (2024 - 2025)
Standard - IX

Subject - Hindi (Entire) | **Marks - 20**
Date - 12.8.2024 | **Time - 8.15 a.m. to 9.30 a.m.**

सूचना :– शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

सूचनाएँ :–
१) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें । २) शुद्ध, स्पष्ट भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

विभाग १ - गद्‌य

कृति १ अ) निम्नलिखित पठित गद्‌यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

सब लोगों को चाय पिलाते - पिलाते अमरू को अगले दिन आठ बज गए । मैंने याद दिलाया कि उसे बिल्ली को भूली भटियारिन की तरफ छोड़कर आना है । बोरी कंधे पर लटका अमरू चल दिया । बात आई गई हो गई । मैं हजामत और स्नान आदि में व्यस्त हो गया क्योंकि साढ़े नौ बजे दफ्तर जाना था । गुसलखाने में मुझे जोर का शोर सुनाई दिया । मैं नहाने में व्यस्त था और कुछ गुनगुना रहा था इसलिए मेरा ध्यान उधर नहीं गया । दो मिनट के बाद ही फिर शोक हुआ । इस बार मैंने सुना कि मेरे घर के सामने कोई आवाज लगा रहा है : 'आपका नौकर पकड़ लिया गया है । अगर आप उसे छुड़ाना चाहते हैं तो छप्परवाले कुएँ पर पहुँचिए ।'

मैं हैरान हुआ कि क्या बात है । समझा शायद अमरू किसी की साइकिल से टकरा गया होगा । शायद साइकिलवाले का कुछ नुकसान हो गया हो और उसने अमरू को धर पकड़ा हो । रही आदमी इकट्‌ठे होने की बात, यह काम दिल्ली में मुश्किल नहीं और फिर करौल बाग में तो बहुत आसान है जहाँ सैकड़ो आदमियों को पता ही नहीं कि वे किधर जाएँ और क्या करें । खैर, उधर जा ही रहा था कि रास्ते में खाली बोरी लटकाए अमरू आता हुआ दिखाई दिया । वह खूब खिलखिलाकर हँस रहा था । उसे डाँटते हुए मैंने पूछा - ''अरे क्या बात हुई ? तूने आज सुबह - ही - सुबह क्या गड़बड़ की जो इतना शोर मचा और मुहल्ले के लोग तुझे मारने को दौड़े ?''

१) आकृति पूर्ण कीजिए। **(१)**

i)



२) अ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए। **(१)**

i) नौकर = ______ ii) साइकिल = ______

आ) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए । **(१)**

i) बिल्ली = ______ ii) मुहल्ले = ______

३) अभिव्यक्ति =

नौकर के पकड़े जाने पर लेखक के मन की स्थिति का वर्णन अपने शब्दों में ६ - ८ पंक्तियों में लिखिए । (२)

विभाग –२ पद्य

कृति २ आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

चारु चंद्र की चंचल किरणें
खेल रही हैं जल - थल में ।
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है
अवनि और अंबर तल में ।।

पुलक प्रगट करती है धरती
हरित तृणों की नोकों से ।
मानो झूम रहे हैं तरु भी
मंद पवन के झोंकों से ।।

क्या ही स्वच्छ चाँदनी है यह
है क्या ही निस्तब्ध निशा ।
है स्वच्छंद - सुमंद गंध वह
निरानंद है कौन दिशा ?

१) आकृति पूर्ण कीजिए । (१)

चारू चंद्र की चंचल किरणें
यहाँ खेल रही है

२) क) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । (१)

i) तरू = ______ ii) अवनि = ______

ख) निम्नलिखित विरामचिह्नों के नाम लिखिए । (१)

	चिह्न	नाम
i)	!	
ii)	,	

३) **अभिव्यक्ति =**

चारु चंद्र की चंचल किरणे ....

..............................अवनि और अंबर तल में ।।

उपर्युक्त पंक्तियों का सरल अर्थ ६ - ८ पंक्तियों मे लिखिए । (२)

विभाग ३ व्याकरण

कृति ३ सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

१) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर प्रयुक्त कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए । (१)

i) राम ने खाना खाया ।

कारक चिह्न	कारक भेद

२) निम्नलिखित वाक्य में सहायक क्रिया पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए । (१)

i) कार सड़क पर तेजी से दौड़ पड़ी ।

सहायक क्रिया	मूल रुप

३) निम्नलिखित क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक और द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए । (१)

i)

क्रिया	प्रथम प्रेरणार्थक रूप	द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप
खाना		

४) **अशुद्‌ध वाक्य को शुद्‌ध करके वाक्य फिर से लिखिए ।** (१)

i) उसकी पत्नी के मृत्यु हो गया ।

५) **निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** (१)

१) टूट पड़ाना -

विभाग ४ – उपयोजित लेखन

कृति ४ पत्रलेखन :– (५)

निम्नलिखित जानकारी के आधारपर पत्रलेखन कीजिए ।

श्याम / श्यामा पाटील, गजानन कॉलोनी, गोरेगाव मुंबई से अपने मित्र / सहेली अनय / अनया शर्मा, श्रीकृपा, शिवाजी रोड, संगमनेर को पत्र लिखकर निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई देता / देती है ।

❖❖❖